सेवा, दक्षता एवं पराक्रम

पुलिस झण्डा दिवस
2022

देवेन्द्र सिंह चौहान
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

सन्देश

प्रिय साथियों,

जैसा कि आप सभी अवगत है कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 'पुलिस कलर' अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की अहर्निश जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई उर्जा संचरित होती है, **जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।** इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से **'धर्म की अधर्म पर विजय'** अविस्मरणीय रही है।

आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर और अधिक प्रभावी पुलिसिंग के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें हैं, जिसके क्रम में एक शानदार विचार की कल्पना कर, यूपी पुलिस के प्रत्येक रैंक को **प्रतीक चिन्ह (Insignia)** देने का निर्णय लिया गया। 01 नवम्बर, 2022 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश स्तर से उत्तर प्रदेश पुलिस के **प्रतीक चिन्ह (Insignia)** का विमोचन कर सभी रैंक के पुलिस कार्मिकों हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।यह प्रतीक चिन्ह वर्दी पर धारण किया जायेगा।

मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा, उनके अमूल्य निर्देशन एवं **अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति** के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश को आतंकवाद, नक्सलवाद, माफिया, डकैत एवं संगठित अपराध मुक्त करते हुये एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण कर जनता में सरकार का विश्वास कायम किया है।

मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश पुलिस में खिलाड़ियों को सेवायोजन का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 534 (335 पुरुष व 199 महिला) आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर **खिलाड़ियों के सेवायोजन** की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे **'मिशन–शक्ति'** अभियान के अन्तर्गत् एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करते हुये प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी, 'महिला हेल्पडेस्क' व साइबर क्राइम थानों पर 'महिला साइबर हेल्पडेस्क' स्थापित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में **पी0ए0सी0 महिला पुलिस बटालियनों** की स्थापना की गयी है।

प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आदि की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था हेतु उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (SSF), दैवीय तथा अन्य आपदाओं में राहत पहुंचाने के लिये राज्य आपदा मोचन बल (SDRF), मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (ANTF) के गठन के साथ–साथ भ्रष्टाचार के विरूद्व **'जीरो टॉलरेंस नीति'** के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन (ACO) की 08 और शाखायें बढ़ायी गयी हैं।

वर्तमान में 18 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है एवं 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना से संबंधित कार्यवाही प्रचलित है। साइबर जागरूकता कैम्पेन व प्रशिक्षण कार्यक्रम को विभिन्न चरणों में चलाया जा रहा है। साइबर अपराध करने वालों के विरूद्ध एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी/भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की गयी है। जनशिकायतों का समाधान एवं निरन्तर संवाद द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की सोशल मीडिया ने जनता का विश्वास अर्जित किया है।

UP 112 की सेवा के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार तथा फुट पेट्रोलिंग के जरिये पुलिस की बढती विजिबिलिटी ने अपराध नियंत्रण के साथ ही जनसंवाद को बढ़ाया है। UP 112 सेवा को वीमेन पावर लाइन 1090, जी0आर0पी0, फायर सर्विस, महिला हेल्पलाइन 181 सेवा, एम्बुलेंस सेवा 108 व उ0प्र0 राज्य परिवहन हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया गया है।

निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता एवं संस्थागत सुधारों ने पुलिस के मनोबल में अभूतपूर्व वृद्धि की है। इन सब उपायों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में समस्त जघन्य अपराधों की अपराध–दर में उल्लेखनीय कमी आयी है।

अन्त में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का गौरव बनाये रखेंगे और अपनी संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं उच्चस्तर की व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें।

जय हिन्द!

16/11/2022

(देवेन्द्र सिंह चौहान)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश